राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–265/2024

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 29 दिसम्बर, 2024ः– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष एवं महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकाद्गार में कहा है कि स्व० किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। उन्होंने धर्म के साथ मानव सेवा को जोड़कर समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। उनके नेतृत्व में महावीर मंदिर न्यास समिति द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु महावीर कैंसर संस्थान सहित पाँच अस्पताल संचालित हैं। उनके निधन से प्रशासनिक, धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....